प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 18.09.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जीएसटी सुधारों पर जताया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार : कहा– यह केवल टैक्स सुधार नहीं, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाई देने वाला व्यापक अभियान।
2. 5 लाख करोड़ रुपए से अधिक की निजी निवेश परियोजनाओं के साथ नवम्बर में लखनऊ में होगी पांचवीं ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी।
3. सेवा पखवाड़ा के तहत हर जिले में लगाए जा रहे हैं रक्तदान और स्वास्थ्य शिविर : मथुरा में लोगों ने श्रमदान कर दिया स्वच्छता का संदेश।

और

4. प्रदेश में रुक–रुक कर बारिश जारी : बांधों से पानी छोड़े जाने के कारण प्रदेश में कई नदियां उफान पर।

———————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में जीएसटी सुधारों को लेकर आयोजित एक प्रेसवार्ता में कहा कि प्रधानमंत्री नरेद्र मोदी का यह निर्णय देशवासियों को महंगाई से राहत और व्यापार को गति देने वाला है। उन्होंने कहा कि यह केवल एक टैक्स सुधार नहीं, बल्कि

देश की अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाई देने वाला व्यापक अभियान है। उन्होंने कहा कि यह हर नागरिक के जोवन को सरल बनाने वाला प्रधानमंत्री द्वारा देशवासियों के लिए दीपावली का उपहार है। बाइट.....

*जीएसटी काउंसिल ने अभी हाल ही में तीन सितम्बर को जो अपनी छप्पन वीं बैठक हुई है, उसमें इस पर पूरी चर्चा करने के उपरांत सर्वसम्मति से इसका अनुमोदन किया है और जो बाईस सितम्बर से शारदीय नवरात्रि के अवसर पर लागू हो रहा है। मुख्य रूप से यह अब तक की टैक्स रिफॉर्म का एक बहुत बड़ा अभियान का हिस्सा है और यह आदरणीय प्रधानमंत्री जी का देशवासियों को दीपावली का गिफ्ट भी है।*

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सुधार किसानों और ग्रामीण भारत की अर्थव्यवस्था के लिए भी ऐतिहासिक है।

——————————

इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले की प्राचीर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जीएसटी सुधारों की अगली पीढ़ी की घोषणा की थी। प्रधानमंत्री क दृष्टिकोण को साकार करते हुए तीन सितम्बर को जीएसटी परिषद ने नागरिकों के जीवन को आसान बनाने के लिए कई क्षेत्रों में कर दरों में कटौती की थी। जीएसटी की नई दरें 22 सितंबर से लागू होंगी। आज हम साइकिल उद्योग में एक नज़र डाल रहे हैं।

*नए जीएसटी सुधारों के तहत, सरकार ने ऑटोमोबाइल क्षेत्र विशेष रूप से साइकिल क्षेत्र को महत्वपूर्ण राहत दी है जिसका उद्देश्यक आम आदमी के लिए पर्यावरण अनुकूल परिवहन को सुलभ और सस्ता बनाना है। किफायती, सुगम्य और वहनीय परिवहन समाधानों को बढ़ावा देने के लिए साइकिल पर*

*जीएसटी 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दी गई है। इसी तरह, साइकिल के पुर्जों पर भी टैक्स् 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दी गई है। मीडिया से बातचीत में, साइकिल व्यापारी पुनीत मेहता ने इसका स्वागत किया।*

*गवर्मेंट ने हमारे प्राइम मिनिस्टबर ने हमको एक गिफ्ट दिया है कि अपनी हेल्थब की तरफ ध्यालन रखो, साइकिल के प्राइसिस कम कर दिए, 12 परसेंट जीएसटी फाइव परसेंट हो गया है। तो वो बेनिफिट आप लीजिए, बेनिफिट उठाइए उस चीज का। अपनी हेल्थे में भी इन्वेहस्टत करो, स्क्रीरन टाइम छोड़ो।*

*सरकार के इस कदम से देश में उत्पादन बढने के साथ–साथ अर्थव्यवस्था को भी बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। नए सुधार सोमवार से लागू होंगे। रोहन के साथ आदर्श आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।*

———————

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में औद्योगिक विकास विभाग की उच्चस्तरीय बैठक में 5 लाख करोड़ रुपए से अधिक की निजी निवेश परियोजनाओं के साथ पांचवें ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के आयोजन की तैयारी के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि रिफॉर्म, परफॉर्म, ट्रांसफॉर्म के मंत्र के साथ बीते साढ़े 08 वर्षों में अब तक चार ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी आयोजित की जा चुकी है। पेश है एक रिपोर्ट.....**

*बैठक में मुख्यमंत्री ने आगामी नवंबर माह में पांचवें ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के आयोजन की तैयारी किए जाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि सभी विभाग समयबद्ध तरीके से कार्यवाही सुनिश्चित करें और प्रत्येक निवेश प्रस्ताव की प्रगति की नियमित मॉनिटरिंग की जाए। निर्यात प्रोत्साहन के प्रयासों को बढ़ाने की जरूरत बताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना अथॉरिटी में से किसी एक क्षेत्र में*

*फिनटेक हब विकसित किया जाए। बैठक में मुख्यमंत्री ने सभी जिलों में सरदार वल्लभभाई पटेल को समर्पित विशेष रोजगार ज़ोन के विकास की कार्ययोजना पर भी चर्चा की। आकाशवाणी, समाचार कक्ष से राघवेन्द्र त्रिपाठी।*

———————————

प्रदेश भर में कल से शुरू हुए सेवा पखवाड़े के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। हर जिले में रक्तदान और स्वस्थ्य शिविर लगाये जा रहे हैं। नगर विकास विभाग विशष सफाई कार्यक्रम चला रहा है। इसी क्रम में हापुड़ में आज स्वच्छता सेवा पखवाड़ा के दूसरे दिन एक कॉलेज में प्रदर्शनी लगाई गई। कौशल विकास एवं व्यवसायिक शिक्षा मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने इसका शुभारम्भ किया। मुज़फ्फरनगर मे उत्तर प्रदेश राज्य एड्स कंट्रोल सोसाइटी के तत्वाधान में युवा उत्सव एवं स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत रैड रन मैराथन का आयोजन किया गया। मथुरा में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत वृंदावन जोन में लोगों ने श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश दिया। नगर आयुक्त जग प्रवेश न कहा कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शहरी क्षेत्रों में स्वच्छता को बढ़ावा देना है।

सिद्धार्थनगर में डुमरियागंज के सांसद जगदम्बिका पाल की अगुवाई में स्वच्छता का संदेश दिया गया। इस अवसर पर श्री पाल ने कहा कि स्वच्छता का संदेश देने शहर और

गांव को स्वच्छ रखने के उद्‌देश्य से यह अभियान चलाया गया है।

——————————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

प्रधानमंत्री नरन्द्र मोदी के नेतृत्व में सेवा और सुशासन मंत्र से अभिप्रेरित सरकार प्रगति और परिवर्तन के लिए लगातार काम कर रही है। विशेष श्रृंखला सेवा पर्व में आज, कृषि क्षेत्र में परिवर्तन और किसानों को सशक्त बनाने की दिशा में नरेन्द्र  मोदो सरकार के प्रयासों का उल्लेख किया जा रहा है।

*अमृत काल में प्रवेश के साथ, भारत के सशक्त किसान, देश को खाद्य उत्पादन में आत्मनिर्भरता से नेतृत्व की ओर ले जाने के लिए तैयार हैं। पिछले 11 वर्षों में, कृषि मंत्रालय का बजट लगभग 22 हज़ार करोड़ रुपये से बढ़कर 1 लाख 37 हज़ार करोड़ रुपये से अधिक किया गया है। प्रधानमंत्री ने लाल किले की प्राचीर से राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में दोहराया है भारत के किसान सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता हैं और किसानों के हितों से कोई समझौता नहीं किया जाएगा।*

*भारत अपने किसानों, अपने पशुपालकों अपने मछुआरों के संबंध में कभी भी कोई समझौता नहीं स्वी कार करेगा।*

*किसानों के हितों को सुनिश्चित करने की दिशा में निरंतर काम करते हुए, सरकार ने पिछले 11 वर्षों के दौरान खरीफ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्यों में 81 प्रतिशत से 226 प्रतिशत तक की उल्लेखनीय वृद्धि की है। किसानों की वित्तीय सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए, सरकार ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि शुरू की है। इस योजना के तहत पिछले छह वर्षों के दौरान तीन लाख नब्बे हज़ार करोड़ रुपये से अधिक की राशि वितरित की गई है। समाचार कक्ष से जागृति शर्मा।*

———————————

**प्रदेश में आज 16 आईपीएस अधिकारियों के तबादले कर दिए गए हैं। शासन ने आज़मगढ़ के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना, और कुशीनगर के पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार को पुलिस अधीक्षकके तौर पर पुलिस महानिदेशक मुख्यालय से संबद्ध कर दिया गया है। उन्नाव के पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर को पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ के पद पर और पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ डॉ. अनिल कुमार को पुलिस अधीक्षक आजमगढ़ के पद परनवीन तैनाती दी गई है। लखनऊ में तैनात पुलिस अधीक्षक सुरक्षा जय प्रकाश सिंह को उन्नाव के पुलिस अधीक्षक के पद पर तैनाती दी गई है।**

———————————

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 75वीं जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता फिल्म चलो जीते हैं, देशभर के**

स्कूलों और लगभग 500 सिनेमाघरों में दिखाई जा रही है। यह प्रधानमंत्री मोदी के जीवन की एक बचपन की घटना से प्रेरित है। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश में भी फिल्म दिखाई जा रही है। शिक्षा मंत्रालय के निर्देश पर आज प्रयागराज के केंद्रीय विद्यालय में फिल्म चलो जीते हैं दिखाई गई। फिल्म देखने वाली छात्रा अनन्या ने इसे जोवन को प्रेरित करने वाला बताया। बाइट.....

*मैं इस मूवी से ये प्रेरणा सीखती हूँ की हमें मेहनत करनी चाहिए। नरेंद्र मोदी के पास उस समय में इतनी अच्छी नहीं थी हालात लेकिन उन्होंने तभी हार नहीं मानी और आज जा के इतने अच्छे नागरिक बन पाए। हमारे देश के प्रधानमंत्री बन पाए। हमें इससे प्रेरणा लेनी चाहिए और हमें भी मेहनत करनी चाहिए।*

———————————

प्रदेश में रुक रुककर बारिश का जारी है। मौसम विभाग ने प्रदेश के पूर्वी हिस्सों में गरज चमक के साथ बारिश का अनुमान जताया ह। बारिश और बांधों से पानी छोड़े जाने के कारण प्रदेश में कई नदियां उफान पर हैं। बलिया में गंगा, बाराबंकी, अयोध्या में घाघरा और सिद्धार्थनगर में राप्ती नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। राज्य के 9 जिले बाढ़ से प्रभावित है। सरकार की तरफ से राहत और बचाव कार्य जारी है।

(समाप्त)